# 5 साल में जर्जर हुआ करोड़ों का ओवरब्रिज

## 14 करोड़ रुपये की लागत से बना था ओवरब्रिज, ब्रिज की सड़क पर बने गहरे गड्ढों से झांक रहे सरिए

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 नवंबर. अभी हाउसिंग बोर्ड के समीप बन रहे ओवर ब्रिज को लेकर विवाद जारी है कि इधर गल्ला मंडी के समीप पांच साल पूर्व बने ओवर ब्रिज पर हो रहे गहरे गड्ढे और उनमें से झांक रहे सरिए चीख-चीखकर कह रहे हैं कि उनके निर्माण में जमकर अनियमितता बरती गई है. आलम यह है कि किसी भी दिन बड़ा हादसा इस ओवर ब्रिज पर हो सकता है.**

शहर को पहले ओवरब्रिज की शुरुआत मंडी में मिली थी. लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुए इस ब्रिज के निर्माण के दौरान भी खतरनाक मोड़ को लेकर स्थानीय रहवासियों द्वारा खासा विरोध दर्ज कराया गया था. इतना ही नहीं डेढ़ साल में तैयार होने वाला छह साल में बनकर तैयार हो पाया था. इस दौरान निर्माण में बरती गई लापरवाही और विलंब के अलावा गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठे थे. वर्ष 2020 में कमलनाथ सरकार के शासनकाल में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा द्वारा इसका उद्घाटन किया था. इस ब्रिज पर आवाजाही शुरू होने से नागरिकों को रेलवे क्रासिंग पर खड़े होने की झंझट से छुटकारा तो मिल गया था, लेकिन कुछ ही दिन बाद ब्रिज निर्माण में बरती गई अनियमितताएं उजागर होने लगीं. ब्रिज की सतह से सीमेंट और गिट्टी उखड़ना शुरू हो गई. संबंधित विभाग ने इस पर थेगड़े लगाना शुरू कर दिया, लेकिन उसमें भी लापरवाही बरती गई. नतीजतन ब्रिज महज पांच साल की अवधि में जर्जरावस्था में पहुंच गया है. आलम यह है कि पूरे ब्रिज पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. इनमें से सरिए झांकने लगे हैं. आए दिन हादसे होने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इसकी सुध नहीं ली जा रही है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री और कमजोर सीमेंट का उपयोग किया गया था. यही वजह है कि महज पांच साल में पुल की यह हालत हो गई है. गड्ढों से झांकते सरिए बताते हैं कि निर्माण के दौरान मानकों का पालन नहीं हुआ.



### रोजाना हजारों छोटे- बड़े वाहनों की आवाजाही

करीब 759 .5 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज से रोजाना पाँच हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं . इतने भारी दबाव के बीच सड़क की मजबूती और गुणवत्ता की परीक्षा तो थी ही, लेकिन जिस तरह पुल में गड्ढे बढ़ते गए, वह लापरवाही की पोल खोलते हैं . रात के समय जब रोशनी कम होती है, तब इन गड्ढों की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है . दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं . ब्रिज का सर्पाकार और जगह-जगह बने गड्ढे दोपहिया चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं .

## रोटावेटर में फंसने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** क्षेत्र के ग्राम देवीटोरी क्षेत्र में सोमवार को एक खेत में रोटावेटर मशीन में एक युवक के फंसने से उसकी मौत हो गई. जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की. मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवीटोरी क्षेत्र में सोमवार को एक खेत में रोटावेटर मशीन में एक युवक का पेंट का कपड़ा फंस गया. जिससे युवक बबलू यादव का शरीर मशीन में फंस गया. जिससे युवक की मौत हो गई. घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. बाद में युवक को मशीन खोलकर बाहर निकाला गया. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है. जिसके बाद मृतक के शव को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है. पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है. वहीं घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई.

# अधिक दामों में बेची जा रही खाद

**किसानों ने आरोप लगाते हुए की जांच की मांग**

**खरगापुर नगर के दुकानदार कर रहे कालाबाजारी**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ/ खरगापुर. नगर खरगापुर में किसानों को दुकानदारों द्वारा निर्धारित दाम से अधिक दामों में खाद की विक्री की जा रही है। जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के लाख प्रयास के बाद भी इस व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारी दुकानों पर जाकर न तो स्टाक की जानकारी ले रहे हैऔर न ही दुकानदारों को रेट सूची लगाने के निर्देश दे रहे है। अधिकारियों की इस मौन स्वीकृति के चलते दुकानदार खाद के नाम पर किसानों की जेब पर डाका डालने का काम कर रहे है। किसानों ने जिला प्रशासन से उचित दाम पर खाद मुहैया कराए जाने की मांग की है।**

दरअसल इस दिनों जिले के नगर खरगापुर के व्यापारियों के द्वारा भोले भाले किसानों की जेब में डाका डाला जा रहा है। खाद व्यापारियों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रेत पर खाद बेचा जा रहा है खबर यह है जिस खाद की बोरी का दाम 250 से लेकर 300 रूपए निर्धारित है उसे दुकानदार 400 से 500 रूपए में बेच रहे है। इसके अलावा जो खाद 1400 रुपया का बेचना चाहिए उसको 1800 से 1900 रूपए तक में बेचा जा रहा है। भारत डीएपी जो मशीनों में शून्य है उसे पर्याप्त मात्रा में 1800 से 1900 में बेचने का आरोप किसानों द्वारा लगाया जा रहा है। यह खाद कहा से आ रहा हैं यह तो संबंधित विभाग के अधिकारी ही बता पाएगे। नगर खरगापुर में किसानों को दुकानदारों द्वारा निर्धारित दाम से अधिक दामों में खाद की विक्री की जा रही है।



### जांच के नाम पर महज खानापूर्ति

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। कृषि विभाग ने अभी तक किसी भी दुकान पर रेट सूची चस्पा नहीं कराई है। साथ ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने किसानों को खाद के लिए जो टोकन व्यवस्था बनाई थी उसकी मानीटरिंग की जा रही है। जिसके चलते दुकानदारों के होसले बुलंद है और वह मनमाफिक दमो में किसानों को खाद बेच रहे है। विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही और जांच नहीं की जा रही है। जांच के नाम पर अधिकारियों द्वारा महज खानापूर्ति की जाती है।


# मामूली विवाद में किसान की बेरहमी से हत्या

नवभारत न्यूज

**गुना 10 नव. का। जिले की नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में रविवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब मामूली विवाद के बाद 32 वर्षीय किसान सोनू यादव की पत्थर, लाठी और लुहांगी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह पूरा मामला उस समय शुरू हुआ जब मंडी गेट पर ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में कहा-सुनी हो गई थी।**

पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में तीन नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी पिपरिया गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जिनमें चार सगे भाई शामिल हैं।

**रास्ता देने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा**- रविवार शाम को बूढ़ा डोंगर निवासी सोनू यादव (32) अपने बच्चे के साथ उपज बेचने नानाखेड़ी मंडी पहुंचे थे। जब वह ट्रैक्टर लेकर मंडी गेट से भीतर प्रवेश कर रहे थे, तभी सिंगवासा के रहने वाले पारदी समाज के दो युवक वहां खाना खाकर लौट रहे थे।



### सुबह हुई कार्रवाई, परिवार में कोहराम

सोमवार सुबह जैसे ही यह खबर सोनू के गांव पहुँची, परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मंडी पहुँच गए। पुलिस की मौजूदगी में शव को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। कैंट पुलिस थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने बताया कि प्राथमिक जांच में सात लोगों की संलिप्तता सामने आई है, जिनमें तीन नाबालिग हैं। सातों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## जंगली सुअर के हमले में बुजुर्ग गंभीर, भोपाल रेफर

**नरसिंहगढ़ 10 नवंबर, सं.** सोमवार शाम ग्राम मिठनपुर निवासी 70 वर्षीय हरिप्रसाद मीणा पर उस समय जंगली सुअर ने अचानक हमला कर दिया, जब वह अपने खेत की ओर जा रहे थे. हमले में हरिप्रसाद मीणा बुरी तरह घायल हो गए. उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ लाया गया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से जंगली जानवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है.

# आखिर कब मिलेगी जाम से राहत

## राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास बने जाम के मुख्य केन्द्र

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 नवम्बर, का. नगर में हर दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरों, वाहन चालको को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. राजगढ़ रोड,सुठालिया बायपास जाम के मुख्य केन्द्र बन गये है जहां आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से वाहन चालको, पैदल राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.**

सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे से राजगढ़ रोड सब्जी मंडी के यहां से कैनरा बैंक के आगे तक जाम लगा रहा. बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंसे रहे. कई स्कूल वाहन जाम में फंसे रहे. काफी देर तक जाम के हालात बने रहे. जबकि कुछ दूर सामने ही पीपल चौराहा के यहां पुलिस पाईट है.

गौरतलब है कि अव्यवस्थित यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था होने के कारण आये दिन जाम की विभिषिका से नागरिकों को जूझना पड़ रहा है. कई स्कूल वाहन, ऑटो, दुपहिया वाहन जाम में फंस जाते है. भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. राजगढ़ रोड पर सब्जी मंडी के यहां से केनरा बैंक के बीच सर्वाधिक जाम लगता है.



## वैश्य महिला इकाई ने मनाया दीपावली मिलन

**इटारसी.** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई, इटारसी की मासिक बैठक प्रमुख एवं ऊर्जावान सदस्य श्रीमती जय श्री महंत जी के गरिमामय निवास पर अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया, जिसे समस्त महिला इकाई ने अपनी गरमजोशी और स्नेह से यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां लक्ष्मी के आशीष के साथ हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने एकजुटता और समर्पण का परिचय दिया। बैठक में जय श्री महंत जी ने संगठन की गतिविधियों और लक्ष्यों पर चर्चा की, साथ ही समाज सेवा और महिला उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने प्रेरित किया।

## एक नजर में



### एडिना में इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन

**सागर.** एडिना में इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष विभाग द्वारा आयोजित इंडस्ट्रियल विजिट के तहत विद्यार्थियों ने चाइम्स एविएशन अकेडमी ढाना एवं सांची दुग्ध संघ प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया. औद्योगिक यात्रा विभागाध्यक्ष अनुराग सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई. भ्रमण के दौरान सीमा मालवीय, शैव्या शर्मा, देवेंद्र पटेल, जगदीश शुक्ला, दानिश अनवर, राजीव पटेल, अमन प्रजापति, शुभम सिंह, मानसी साहू, रोहित विश्वकर्मा शामिल रहे चेयरमैन राजेश जैन, डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन, एसोसिएट डायरेक्टर रोहित जैन, सुयश जैन एवं प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि ऐसे इंडस्ट्रियल विजिट तकनीकी ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं और उन्हें उद्योग जगत से जोड़ते हैं. इस इस अवसर पर राजकुमार यादव,अनिमेष अवस्थी,रजनीश पचौरी, अनिल सोनी एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

### कल धूमधाम से मनाई जाएगी भैरव जयंती

**बैतूल।** श्री सागौन वाले बाबा दरबार निराला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार 12 नवम्बर, बुधवार को भैरव जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में समिति के अनिल कुबड़े ने बताया कि परशुराम चौक पर भगवान श्री बटुककनाथ काल भैरव का अभिषेक, हवन-पूजन और श्रृंगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारे के साथ किया जाएगा।

### भूखंडों के आवंटन की अंतिम तिथि 15 नवंबर

**टीकमगढ़।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 नवम्बर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किये गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्ते इस प्रकार हैं, तदनुसार प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

### समझाइश देने गए भाई को युवक ने मारा चाकू

**विदिशा**, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसएटीआई कॉलेज के सामने सोमवार दोपहर 2 के लगभग चाकू बाजी की घटना सामने आई है. घायल युवक ने बताया कि उनकी बहन को कॉलेज का एक विद्यार्थी मैसेज कर परेशान करता था, उसे मैसेज न करने की समझाइश देने के लिए बातचीत करने गए थे .आरोपी ने उनके हाथ में चाकू मार दिया .समय रहते लोगों ने रोका बाद में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

### वंदेमातरम गीत समर्पण का प्रतीक

**नरसिंहगढ़ .** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम ' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद द्वारा स्थानीय स्तर पर स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह गीत केवल शब्द नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा, समर्पण और बलिदान की भावना का प्रतीक है. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसी गीत ने असंख्य क्रांतिकारियों के हृदय में स्वदेश भक्ति की नवचेतना का संचार किया.

## पुस्तक विक्रेता संघ ने किया मिलन समारोह

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,**शनिवार को विद्याश्री लॉज में पुस्तक विक्रेता संघ द्वारा मिलन समारोह आयोजन आयोजित किया जिसमें अतिथि के रूप में व्यापार महासंघ के संरक्षक सत्यपाल तनवानी, निर्मल कुमार जैन, देवेंद्र वर्मा, अनिल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा वरिष्ठ व्यवसायी सुरेश अरोरा एवं संघ के वरिष्ठ सदस्य नेमा जी सहित व्यापार महासंघ के महामंत्री मुकेश अरोरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिकांत वर्मा कोषाध्यक्ष अशोक जैन सदस्य सुरेश तनवानी देवराज सिंह राजपूत सावन अग्रवाल एवं मयंक टॉक उपस्थित थे.

# सैकड़ों पीएम आवास हितग्राही लाभ से वंचित

नवभारत न्यूज

**सांची, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेघरों को आशियाना दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के सपनों को साकार करने की दिशा में देशभर में सफल रही है, परंतु सांची नगर के अनेक हितग्राही आज भी अपने पक्के मकान की प्रतीक्षा में भटक रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार, बढ़ती महंगाई के बीच जो गरीब परिवार वर्षों से झोपड़ियों में रहकर जीवन बिता रहे थे, वे इस योजना से अपने पक्के घर की उम्मीद लगाए बैठे हैं.




प्रारंभ में अनेक पात्र हितग्राहियों को लाभ मिला भी, लेकिन अब भी सैकड़ों गरीब हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हैं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को विवश हैं.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों ने प्रशासनिक सांठगांठ के चलते योजना में घुसपैठ कर ली, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों का हक मारा गया. वहीं, पुरातत्व विभाग द्वारा नगर के बड़े हिस्से को अपने नियंत्रण क्षेत्र में बताते हुए निर्माण पर आपत्ति जताने से भी योजना के क्रियान्वयन में बाधा आई.बताया गया कि नगर के कई वार्डों में आवास स्वीकृत होने के बाद भी निर्माणो को राशि आवंटित होने का बेसब्री से इंतज़ार करना पड रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा इस समस्या को उच्च स्तर पर उठाया गया, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है।




# दूषित पानी पीने से महिला व बच्चे की मौत

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 10 नवम्बर. देवरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गंगवारा के पडरई खुर्द मे एक टोला मे दूषित पानी के सेवन से एक महिला और 5 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई है.**

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गांव के कुएं का पानी पीने के बाद कल रविवार रात को एक गर्भवती महिला और एक अन्य पांच साल के बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां से महिला को बीएमसी सागर और बच्चे को देवरी अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, आज सोमवार को दोनो की उपचार के दौरान ही मौत हो गई. वही दूषित पानी के सेवन से 40 लोग प्रभावित हुए. सीएमएचओ डॉक्टर ममता तिमोरी ने बताया कि कि कल रविवार को सूचना मिलने के बाद ही स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे कराया था और देर शाम महिला और बच्चे को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल रैफर कराया गया. आज सोमवार को स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक बालक स्कूल सर्रा पड़रई परिसर में शिविर के माध्यम से प्रभावित लोगो का उपचार शुरू किया. गंभीर दो बच्चो को सागर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है.

देवरी के पड़रई खुर्द ग्राम का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा एवं पानी की जांच भी कराई जाए. उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर ने स्वास्थ्य विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों सहित राजस्व अधिकारियों को दिए. शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य टीम का गठन किया गया जिसमें डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस के साथ देवरी के ग्राम पड़रई खुर्द पहुंचे जहां उल्टी दस्त की शिकायत प्राप्त होने पर सभी की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने यूनिटी पदयात्रा

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/10,नवम्बर,2025/ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को मेहराघाट से इटारसी तक यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।**

यह पदयात्रा मेहराघाट से प्रारंभ होकर इटारसी तक लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सम्पन्न हुई।कार्यक्रम में होशंगाबाद लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक सीतासरन शर्मा राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सहित जन प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने इस यात्रा को सार्थक बताया यात्रा के शुभारंभ पर उजाड़ मल बाबा पर भगवान बलराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ पदयात्रा आरंभ हुई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने भारत माता एवं राष्ट्रीय एकता के जयकारे लगाकर उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में में पिरोकर भारत को अटूट एकता का स्वरूप प्रदान किया।



## पंचकल्याणक 27 से

**राहतगढ़.** शंका समाधान प्रणेता मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में मज्जिनेंद्र जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन नगर में पहली बार 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक संपन्न होने जा रहा है. नवनिर्मित मंदिर को चौधरी अशोक कुमार जैन ने अपनी ही भूमि पर और अपने ही द्रव्य से बनाकर समाज को समर्पित किया गया है. सेठ संतोष कुमार जैन को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. समाजजन भोपाल में विराजमान मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज के चरणों में पहुंचकर श्रीफल भेंट किया. राहतगढ़ की ओर चरण बढ़ाने निवेदन किया.

**उत्खनन** अवैध उत्खनन से पहाड़ी हुई गायब

# भट्टों पर ईंट बनाने के लिए जमकर हो रहा है अवैध उत्खनन

**मुलताई। नगर सीमा से सटे ग्राम पारेगांव एवं कामथ में ईट भटटो पर अवैध उत्खनन का गोरख धंधा जमकर चल रका है। ईट बनाने के लिए मुरम मिटटी की जमकर खुदाई कर ईट का निर्माण किया जा रहा है।**

बताया जाता है कि अधिकाशंत ईट भटटा संचालक बिना अनुमति के ईट भटटो का संचालन कर रहे है ।ईट भटटो के संचालन के संबधं में बताया जाता है कि प्रजापति कुम्हार समाज को ईट भटटो में छुट प्रदान की गई । लेकिन यह देखने में आ रहा है प्रजापति समाज के लोगो को छोड कर भी कई लोग ईट भटटो का संचालन उसी आधार पर कर रहे । सूत्र बताते है कि कुछ लोगो द्वारा प्रजापति समाज के लोगो के नाम स्वयं ही ईट भटटो का संचालन कर रहे है। ईट भटटा संचालन के लिए उनके द्वारा कोई अनुमति नही ली गई है। कुछ लोगो द्वारा कुम्हार एवं आदिवासी समाज के लोगो की भूमि को किराए पर लेकर ईट भटटा चलाया जा रहा है। क्षेत्र में करीब एक सैकडा से अधिक ईट भटटो का संचालन किया जा रहा है। ईट भटटा संचालको द्वारा ईट बनाने के लिए पृथक से कोई जमीन नही ली गई है जो कि अपने आस पास स्थित जमीन में अवैध रूप से खुदाई कर मिटटी एवं मुरम एकत्रित कर ईटों का निर्माण कर रहे है।



**क्षेत्र में एक सैकडा से अधिक ईट भटटे हो रहे है संचालित:** मुलताई अनुविभाग में ग्राम कामथ, पारेगांव, प्रभात पटटन, सहित कई ग्रामों में बिना अनुमति एक सैकडा से अधिक ईट भटटे संचालित किए जा रहे है। जिनके द्वारा खनिज विभाग से किसी प्रकार की कोई अनुमति नही ली गई है।

ईट भटटा संचालको द्वारा किसी भी तरह मिटटी और मुरम का इंतजाम कर ईट भटटों का संचालन कर ईटे बनाई जा रही है। जो ईटे मंहगें दामों पर विक्रय की जा रही है। ईट भटटो की ओर किसी का ध्यान नही होने से ईट भटटो का संचालन बेरोकटोक जारी है।

### अवैध उत्खनन से आधी से ज्यादा पहाड़ी हुई गायब

ईट भटटा संचालको द्वारा ईट बनाने के लिए अवैध रूप से किसी भी जमीन पर बिना अनुमति के खुदाई कर मिटटी एवं मुरम का परिवहन किया जाता है। सूत्र बताते है कि ग्राम पारेगांव में ईट भटटो के समीप स्थित एक पहाडी पर अवैध रूप से उत्खनन पहाडी गायब कर दी गई है। पहाडी से निकली मुरम मिटटी का उपयोग ईट बनाने में किया जा रहा है। यह भी देखने में आया है कि ईट बनाने के लिए शासकीय भूमि से भी लगातार मुरम एवं मिटटी निकाल कर ईट भटटो पर पहुचाई जा रही है।

## ट्राफिक जाम के तमाम प्रयास हो रहे विफल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण जाम लगता है। हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो में जाम जैसी स्थिति देखने को मिलती है।